SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703 Academic session 2024-25
WORKSHEET 4
(PT 4 – TERM 2)

Std : 7

SUBJECT : Hindi

Prepared by: Suman Yadav

Ls.18 वाक्य

Prepared date: 21/12/2024

वाक्य-- मनुष्य अपने भावों या विचारों को वाक्य में ही प्रकट करता है।अर्थ प्रकट करने वाले सार्थक शब्दों के व्यवस्थित समूह को **वाक्य** कहते हैं। जैसे-ओजस्व कमरे में टी.वी. देख रहा है। रजतअमन, तुम कहाँ जा रहे हो?

वाक्य के अंग वाक्य के दो अंग होते हैं।

1. उद्देश्य 2. विधेय

1. उद्देश्य - वाक्य में जिसके बारे में कुछ कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं, जैसे-पक्षी डाल पर बैठा है।

2. विधेय- उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहते हैं। जैसे-पक्षी डाल पर बैठा है।

उद्देश्य का विस्तार- जब उद्देश्य के साथ उसकी विशेषता बताने वाले शब्द जुड़ जाते हैं. अब वे शब्द उद्देश्य का विस्तार कहलाते हैं; जैसे- लड़की (उद्देश्य) नाच रही है। एक सुंदर उद्देश्य का विस्तार) लड़की हँस रही है।

वाक्य के भेद - वाक्य के निम्नलिखित दो भेद होते हैं।

अर्थ के आधार पर 2. रचना के आधार पर

रचना के अनुसार वाक्य के तीन प्रकार होते हैं

1. सरल वाक्य 2. संयुक्त वाक्य 3. मिश्रित वाक्य

(i) सरल वाक्य जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय होता है, उसे सरल वाक्य कहते हैं; जैसे

1 अंशु पढ़ रही है। 2 पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं।

(ii) संयुक्त वाक्य जिस वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंत्र वाक्य समुच्चयबोधक शब्द से जुड़े रहते हैं, वह संयुक्त वाक्य कहलाता है, जैसे- नेहा गा रही है और अंशु नाच रही है।

(iii) मिश्रवाक्य - जिस वाक्य में एक प्रधान वाक्य होता है और अन्य वाक्य उस पर आश्रित या गौण होते हैं, उसे मिश्रित वाक्य कहते हैं; जैसे- जो कल घर आया था, वह बाहर खड़ा है।

2. अर्थ के अनुसार वाक्य आठ प्रकार के होते हैं

1. विधानवाचक 2. 'निषेधवाचक 3. इच्छाधारी 4. प्रश्नवाचक

5. आज्ञाकारी 6. संकेतक 7. विस्मयसूचक 8. संशयवादी

1. विधानवाचक - जिस वाक्य में किसी बात का होना या करना पाया जाए, वह विधानवाचक वाक्य कहलाता है; जैसे वह मेरा मित्र है।

2. 'निषेधवाचक वाक्य-जिस वाक्य में किसी बात या काम के न होने का बोध हो, वह निषेधात्मक वाक्य कहलाता है; जैसे उसने खाना नहीं खाया।

3. प्रश्नवाचक वाक्य-जिसे वाक्य का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाए, उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे-आप कहाँ रहते हैं?

4. आज्ञावाचक वाक्य-जिस वाक्य से आज्ञा तथा उपदेश को बोध होता है, वह आज्ञावाचक वाक्य कहलाता है, जैसे-तुम यहाँ से चले जाओ।

5. विस्मयादिवाचक वाक्य-जिस वाक्य के द्वारा शोक, हर्ष, आश्चर्य आदि के भाव प्रकट होते हैं, वह विस्मयादिवाचक वाक्य कहलाता है; जैसे वाह! क्या दृश्य है।

6. संदेहवाचक वाक्य-जिस वाक्य में किसी कार्य के होने के बारे में संदेह प्रकट किया जाता है, उसे संदेहवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे वह शायद ही यह काम करे

7. इच्छावाचक वाक्य-जिस वाक्य से किसी आशीर्वाद, कामना, इच्छा आदि का बोध हो, उसे इच्छावाचक वाक्य कहते हैं; जैसे ईश्वर तुम्हें दीर्घायु बनाए।

8. संकेतवाचक वाक्य-जिस वाक्य में संकेत या शर्त हो, उसे संकेतवाचक वाक्य कहते हैं। जैसे-यदि वर्षा होती तो फ़सल अच्छी होती।

कार्यपत्रिका

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए ।

1 वेदां त पुस्तके खरीदने बाजार गया है।

उपर्युक्त सरल वाक्य का मिश्रित वाक्य में उचित रूपांतरण कीजि

2) माँ ऑफिस से आई और काम करने लगी ।

उपर्युक्त संयुक्त वाक्य का सरल वाक्य में उचित रूपांतरण कीजिए ।

३) जैसे ही गीता आई, भावना चली गई।

उपर्युक्त मिश्रित वाक्य का संयुक्त वाक्य में उचित रूपांतरण कीजिए ।

4) जैसे ही घंटी बजी, बच्चे कक्षा से बाहर आ गए।

उपर्युक्त मिश्रित वाक्य का सरल वाक्य में उचित रूपांतरण कीजिए ।

5) देश के लिए मर मिटने वाला सच्चा देशभक्त होता है।

सरल वाक्य से मिश्र

6) जब वह घर आया तब उसने भोजन किया।

मिश्र वाक्य से संयुक्त वाक्य

SUB.TEACHER **HOD** **CO ORDINATOR** **PRINCIPAL**